संख्या-5/133 भा0स0/26-2-2013

प्रेषक,

सुनील कुमार
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उ0प्र0 लखनऊ।

समाज कल्याण अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक 31 अक्टूबर, 2013

विषय:- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत आर्थिक सहायता प्राप्त करने हेतु स्वैच्छिक संस्थाओं (एन0जी0ओ0) द्वारा प्रस्तुत किये गये आवेदन पत्रों के सत्यापन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में यह अवगत कराया जाना है कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विभिन योजनाओं में संचालित स्वैच्छिक संगठनों (एन0जी0ओ0) को आर्थिक सहायता दिये जाने का प्राविधान है। इस हेतु स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन प्रस्तुत किये जाने पर जिला मजिस्ट्रेट के माध्यम से जांच कराने एवं स्थलीय सत्यापन कराने के पश्चात राज्य सरकार के स्तर से स्वैच्छिक संस्थाओं के आवेदन पत्र सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली को प्रषित किये जाते है। भारत सरकार द्वारा जारी किये गये दिशा-निर्देश के अनुसार स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा आर्थिक सहायता प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत किये गये आवेदन पत्रों में उल्लिखित तथ्यों की जांच एवं भौतिक सत्यापन का कार्य अपर

shasanadesh.up.nic.in

जिला मजिस्ट्रेट स्तर के अधिकारी द्वारा किया जाना अपेक्षित है।

2- इस संबंध में शासन के संज्ञान में यह लाया गया है कि अपर जिला मजिस्ट्रेट (ए0डी0एम0) स्तर के अधिकारियों की विभिन्न प्रशासनिक कार्यो में व्यस्तता के कारण स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रों की जांच/सत्यापन की कार्यवाही में विलम्ब होता है, जिसके कारण इन प्रस्तावों को भारत सरकार को समय से प्रेषित किया जाना सम्भव नहीं हो पाता है।

3- अत: इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अपर जिला मजिस्ट्रेट स्तर के अधिकारियों द्वारा स्वैच्छिक संस्थाओं के आवेदन पत्रों की जांच एवं भौतिक सत्यापन की कार्यवाही सम्पन्न करने में यदि कठिनाई आ रही हो तो ऐसी दशा में आवेदन पत्रों की जांच एवं सत्यापन का कार्य उप जिलाधिकारी (एस0डी0एम0) स्तर के अधिकारियों से करा लिया जाय और यह सुनिश्चित किया जाय कि बिना किसी अनपेक्षित विलम्ब के यह प्रस्ताव निदेशक, समाज कल्याण को प्रेषित किया जाय।

कृपया तदनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(सुनील कुमार)
प्रमुख सचिव

shasanadesh.up.nic.in